**खबर संक्षेप**

## धान उपार्जन के लिए जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित

**मण्डला।** धान उपार्जन केन्द्रों के व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग एवं कार्य में आने वाली कठिनाईयों की शीघ्रता से निराकरण के लिए जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष सहायक आयुक्त सहकारिता मण्डला के कार्यालय में स्थापित किया गया है। नियंत्रण कक्ष में पंजीयन एवं उपार्जन कार्य पूर्ण होने तक सहकारिता निरीक्षक श्री नितेन्द्र तेकाम एवं श्री रितुराज भवेदी की ड्यूटी लगाई गई है। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री अजय झारिया को नियंत्रण कक्ष का प्रभारी नियुक्त किया गया है। नियंत्रण कक्ष में नियुक्त कर्मचारी/अधिकारी प्रतिदिन पंजीयन/उपार्जन से संबंधित प्राप्त होने वाली शिकायतों का संबंधित सहायक/कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों से निराकरण कराकर विवरण यथा सरल क्रमांक, दिनांक, शिकायतकर्ता का नाम, किसान कोड, पता, दूरभाष नं., शिकायत का विवरण, अधिकारी जिसे निराकरण हेतु शिकायत भेजी गई एवं निराकरण एक पंजी में संधारित करेंगे। प्राप्त शिकायतों एवं निराकरण की दैनिक जानकारी खाद्य शाखा मंडला में प्रस्तुत करेंगे।

## जिला जेल में श्रीमद् भगवत गीता पाठ के पन्द्रहवे अध्याय का सस्वर गायन

**मण्डला।** अन्तर्राष्ट्रीय श्रीमद् भगवत गीता जयंती महोत्सव के अवसर पर सोमवार को काशी विश्वनाथ वैदिक गुरूकुल जिलहटी घाट मण्डला के आचार्य भीमदेव एवं उनके 11 शिष्यों के द्वारा जिला जेल मण्डला में श्रीमद भगवत गीता के 15वें अध्याय का सस्वर गायन किया गया। श्लोकों का अर्थ, गीता के महत्व को बताते हुये गीता का सार भी बंदियों को बताया गया एवं सभी बंदियों न सद्कर्म के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## एसडीएम एवं तहसील न्यायालय का किया निरीक्षण


**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने मंगलवार को बिछिया में तहसीलदार न्यायालय एवं एसडीएम कार्यालय का निरीक्षण कर राजस्व कार्यों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने न्यायालयों में संचालित प्रकरणों की प्रगति, कार्यालयीन प्रक्रियाओं तथा रिकॉर्ड संधारण की स्थिति का अवलोकन किया। कलेक्टर ने नामांकन, सीमांकन, बंटवारा तथा अन्य राजस्व प्रकरणों को देखते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी राजस्व प्रकरण निश्चित समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से निराकृत हों। उन्होंने कहा कि राजस्व सेवाओं में त्वरित एवं पारदर्शी कार्रवाई प्राथमिकता से होनी चाहिए। उन्होंने तहसीलदार के रीडर की आईडी पर लम्बित प्रकरणों को निराकृत करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा नकल शाखा एवं आवक-जावक शाखा पहुँचे और वहाँ की कार्यप्रणाली, रजिस्टर, अभिलेख रख-रखाव तथा नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं का जायजा लिया।

**दशकों बाद भी नहीं बना स्कूल का अतिरिक्त कक्ष**

# तंबू और पेड़ों के नीचे हो रही पढ़ाई

*** जिम्मेदार अधिकारियों पर खड़े हो रहे सवाल।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला






जिला मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर दूर मण्डला जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत सिलपुरा के पोषक ग्राम बुजबुजिया स्थित प्राथमिक शाला का भवन आज भी जर्जर बदहाल स्थिति में है। वर्तमान में यह स्कूल इसी जर्जर भवन की वजह से तिरपाल और लकड़ी की बल्लीयों से निर्मित झोपड़ी नुमा स्थान पर संचालित हो रहा है। इस स्कूल के नये अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए वर्ष 2012-13 में शासन द्वारा लगभग 3 लाख 1 हजार रुपए स्वीकृत किए गए थे। विभागीय व्यवस्था के तहत यह निर्माण कार्य ग्राम पंचायत सिलपुरा को सौंपा गया था तथा लगभग 1,43,000 रुपए की राशि निर्माण एजेंसी के खाते में भी जमा करा दी गई थी।

किन्तु यह जिले का दुर्भाग्य है कि पूरा एक दशक गुजर जाने के बाद भी आज तक इस अतिरिक्त कक्ष का निर्माण प्रारंभ नहीं हो सका। वहीं विभागीय सूत्रों से यह चौंकाने वाली जानकारी सामने आ रही है कि उक्त निर्माण कार्य विभागीय पोर्टल से विलोपित कर दिया गया है। यह बड़ा प्रश्न खड़ा करता है कि जब राशि आवंटित और हस्तांतरित हो चुकी थी, तो बिना कार्य कराए इसे पोर्टल से हटाया कैसे गया? इसकी जांच होने पर ही वास्तविक स्थिति सामने आ सकेगी।

इसी लापरवाही का परिणाम है, कि आज मासूम ग्रामीण बच्चों को भवन विहीन झोपड़ी में पढ़ाई करनी पड़ रही है। जर्जर भवन में बैठना खतरे से खाली नहीं, इसलिए कभी रंगमंच में, कभी आंगनवाड़ी केन्द्र में, कभी पेड़ के नीचे खुले आसमान तले और अब तो पन्नी व तिरपाल से बने अस्थायी तंबू में बच्चों को शिक्षा ग्रहण करनी पड़ रही है। यह दृश्य न केवल प्रशासन बल्कि जनप्रतिनिधियों के लिए भी शर्मनाक स्थिति प्रस्तुत करता है।

ग्रामवासियों के अनुसार यह समस्या पांच साल से लगातार सुर्खियों में है, लेकिन न विभाग, न जिला प्रशासन और न ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने कोई ठोस समाधान तलाशने की दिशा में कदम बढ़ाया। चुनाव के समय किए गए आश्वासन भी आज तक केवल आश्वासन ही साबित हुए हैं, जिसका खामियाज़ा ग्रामीण और उनके बच्चे आज तक भुगत रहे हैं।

स्थिति यह है कि प्रदेश सरकार जहाँ एक ओर सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के दावे और घोषणाएँ कर रही है, वहीं दूसरी ओर सुदूरवर्ती क्षेत्र के ये बच्चे हवा और धूप से बचने के लिए तंबू में बैठकर अपना भविष्य गढ़ने को मजबूर हैं।

इस मामले में निर्माण एजेंसी पर कार्रवाई आवश्यक है, लेकिन इससे अधिक जिम्मेदारी जिला शिक्षा केन्द्र की बनती है, जिसने राशि उपलब्ध कराने के बाद भी न तो समय पर निरीक्षण किया, न प्रगति की समीक्षा—जिससे यह लापरवाही बढ़ती ही चली गई।

सबसे बड़ी विडंबना यह है कि यह क्षेत्र मण्डला विधानसभा है, जिसकी विधायक मध्यप्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं।

ग्रामीणों की मांग है कि मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए और स्कूल भवन का निर्माण तत्काल प्रारंभ कराया जाए, ताकि बच्चों को सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण में शिक्षा मिल सके।





### इनका कहना है -

*विभागीय अधिकारियों द्वारा जर्जर भवन में स्कूल संचालन पर रोक लगाए जाने के बाद ग्राम में वैकल्पिक भवन उपलब्ध न होने के कारण ग्रामीणजन स्वयं तिरपाल लगाकर बच्चों की पढ़ाई की व्यवस्था कर रहे हैं। अस्थायी व्यवस्था होने से शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया प्रभावित हो रही है तथा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों दोनों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। शीघ्र ही सुरक्षित व उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराए जाने की आवश्यकता है, ताकि बच्चों की शिक्षा निर्बाध रूप से जारी रह सके।*

**-बचन सिंह मरावी, शिक्षक, प्रा. शा. बुजबुजिया, सिलपुरा**

*पंचायत स्तर से लेकर जनपद पंचायत, विधायक, सांसद, मंत्री और जिला प्रशासन तक बार-बार शिकायतें की गईं, लेकिन आज तक किसी भी स्तर पर सुनवाई नहीं हुई। स्थिति इतनी विकट हो गई है कि विद्यालय को तिरपाल लगाकर संचालित करना पड़ रहा है, अफसरों और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण ही यह हालात बने हैं, जिससे ग्रामीणों में गहरा आक्रोश और निराशा है।*

**-नरेश मार्को, सरपंच, ग्राम पंचायत सिलपुरा, मण्डला**


## सीईओ जिला पंचायत ने किया धान उपार्जन केंद्र का निरीक्षण




**मण्डला।** खरीफ फसल के उपार्जन का कार्य 1 दिसंबर से जिले में शुरू किया गया है। पहले दिन ही अधिकारियों ने केंन्द्रो पर पहुंच कर उपार्जन कार्य का जायजा लिया। इसी कड़ी में सीईओ जिला पंचायत श्री शाश्वत सिंह मीना ने बहुउद्देशीय सहकारी साख समिति मर्यादित मलारा के धान उपार्जन केंद्र का निरीक्षण किया। यहाँ उन्होंने धान उपार्जन के लिए आवश्यक सुविधाओं, नागरिक आपूर्ति निगम से खरीदी उपरांत परिवहन तथा किसानों को भुगतान के संबंध में जानकारी ली। परिवहन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि माल खरीदी उपरांत ट्रकों के माध्यम से गोदाम में परिवहन किया जाएगा। जिसके बाद परीक्षण कर किसानों को भुगतान की कार्यवाही की जावेगी। इस कार्य के लिए गोदाम में नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं तथा मॉनिटरिंग नोडल अधिकारी द्वारा की जा रही है। सीईओ ने केंद्र के कर्मचारियों से कहा कि उपार्जन केंद्र में कृषकों के लिए नियमित रूप से स्लाट बुक कराते हुए उन्हें निर्धारित दिन और समय पर केंद्र पर बुलवाएं जिससे कृषकों को कोई असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि केन्द्र में पेयजल, स्वच्छ शौचालय की व्यवस्था रखें। स्लॉट अनुसार फसल विक्रय करने आये क्षेत्र के कृषकों से भी उन्होंने चर्चा की। इस दौरान सहकारिता के अधिकारी, उपार्जन केंद्र का स्टाफ और क्षेत्रीय कृषक मौजूद रहे।

# सीमांकन को लेकर ग्रामीणों में बढ़ रहा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज





ग्राम मैली तहसील नारायणगंज जिला मंडला में लगभग 1980 82 के बीच पीडबलूडी रोड हेतु किसने की भूमि रोड हेतु अधिग्रहण की गई जिसमें पीडब्ल्यूडी के द्वारा अर्ध वर्ग व पुलिया का कार्य किया गया किंतु इस रोड में अधिक खर्च आने व अन्य कारण से यह रोड बनना निरस्त हो गई सन 1980 से वर्तमान तक इस रोड में किसानों के कृषि यंत्र आने जाने का रास्ता बना रहा वह किसानों का 40 से 45 वर्ष तक कब्जा रहा है क्योंकि वर्तमान में पीयू के द्वारा आईटीआई रोड वाली भूमि पर निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसमें किसानों को खेती करने कृषि यंत्रों के आने जाने का रास्ता बंद किया जा रहा है जिससे किसान खेती करने में कठिनाई आ रही है इन किसानों का जीवन यापन कृषि पर आधारित है पी आई यु के अधिकृत ठेकेदार द्वारा गलत सीमांकन कर बिल्डिंग का कार्य किया जा रहा है पीडब्ल्यूडी के द्वारा बनाई गई पुलिया को छोड़कर गलत नाप किया गया किसानों का कहना है कि पुनःसही सीमांकन कर रोड हेतु अधिकृत की गई भूमि में कृषि यंत्रों के आने-जाने हेतु रास्ता दिया जावे जब तक इस समस्या का निराकरण नहीं होता तब तक निर्माण कार्य को रोका जावे जिसकी शिकायत किसानों द्वारा कलेक्टर महोदय जी को 17 12.2024 को की गई है व पी आई यू अधिकारी को 17 12.2024 को की गई है वह वर्तमान में किसानों द्वारा जनसुनवाई में कलेक्टर महोदय को 11-11-2025 को रास्ता हेतु शिकायत की गई है परंतु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है जिससे किसान कृषि कार्य करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है अगर किसानों की शीघ्र मांग पूरी नहीं की गई तो वह आंदोलन करने मजबूर रहेंगे।

## विकासखंड स्तरीय दिव्यांग सामर्थ्य प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



कल जनपद शिक्षा केंद्र समग्र शिक्षा अभियान मवई के तत्वाधान में विकासखंड स्तरीय दिव्यांग सामर्थ्य प्रदर्शन खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगियों कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत मवई के ग्राम धनगांव के हाइस्कूल प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्र की जनपद पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा प्रहलाद के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में दिव्यांग बालक बालिकाओं ने उत्साह के साथ बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में रंगोली प्रतियोगिता, लंबी दौड़, खुर्शी दौड़, जलेबी दौड़ एवं अन्य खेल शामिल थे।कार्यक्रम के पश्चात प्रथम दुतिय एवं तृतीय स्थान मै आने वाले प्रतियोगियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में संसद प्रतिनिधि विपिन राय,ग्राम पंचायत धन गांव के सरपंच फूलसिंह पंद्रे, बीआरसी मवई रामनाथ आयाम, बीएसी बसंत बारेशवा, कमलेश धुर्वे, जनशिक्षक अशोक मरावी, एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि स्कूली विद्यार्थी एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।



**शुभारंभ** | **किसानों को मिला जैविक उत्पादों का नया मंच।**

# मंडी परिसर में लगेगी साप्ताहिक जैविक हाट

*** स्वास्थ्य, प्रकृति और किसानों को नई दिशा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला






भोजन की थाली में बढ़ते रासायनिक तत्वों की मात्रा आज पूरे समाज, पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही है। इसी चिंता को दूर करने और जैविक उत्पादों के प्रति बढ़ती रुचि को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से मंडला जिले में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। जिला प्रशासन एवं किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के संयुक्त प्रयास से कृषि उपज मंडी मंडला परिसर में साप्ताहिक जैविक हाट का शुभारंभ कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा द्वारा किया गया।

शुभारंभ अवसर पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने जैविक हाट में आए किसानों से विस्तारपूर्वक चर्चा कर उनकी जैविक एवं प्राकृतिक खेती की तकनीकों, लाभों और उत्पादों की गुणवत्ता के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने किसानों को जैविक खेती को बढ़ावा देने तथा अपने उत्पादों को हर रविवार इस हाट में प्रदर्शित एवं विक्रय करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जैविक हाट न केवल किसानों को उचित मूल्य दिलाने का माध्यम बनेगा, बल्कि आम उपभोक्ताओं को शुद्ध, सुरक्षित और रसायनमुक्त खाद्य उत्पाद उपलब्ध कराएगा।

यह साप्ताहिक जैविक हाट प्रत्येक रविवार मंडला मंडी प्रांगण में आयोजित किया जाएगा, जहां जैविक एवं प्राकृतिक खेती कर रहे किसान सीधे उपभोक्ताओं तक अपने उत्पाद पहुंचा सकेंगे।

जैविक हाट में इस अवसर पर ग्राम देवरीकला से श्याम कुलस्ते, ग्राम बबलिया से बंदन उइके एवं श्यामलाल मार्को, ग्राम बबलिया से सुरेश पन्द्राम, ग्राम गुर्जरसानी से त्रिलोक नेटी तथा ग्राम बीजेगांव से कृपाल मार्को सहित अन्य किसानों द्वारा अपने विविध जैविक उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने यहाँ मौजूद नागरिकों से कहा कि कृषि विभाग के माध्यम से जैविक खेती करने वाले किसानों का पंजीयन किया गया है। जिले में ऐसे किसान जो जैविक खेती करते हैं उनके लिए यह एक अच्छा अवसर साबित होगा।

यह पहल जिले में स्वास्थ्य-सुरक्षित जीवनशैली के साथ-साथ प्राकृतिक खेती को नई दिशा देने वाला प्रेरणादायी कदम सिद्ध हो रही है। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री शाश्वत सिंह मीना, उप संचालक कृषि श्री अश्विनी झारिया, श्रीमति मधु अली सहित अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## बाल विवाह के दुष्परिणामों के संबंध में संगोष्ठी आयोजित की गई

**मण्डला।** परियोजना नारायणगंज के अंतर्गत परिक्षेत्र मानेगांव के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवहार में बाल विवाह के दुष्परिणामों के संबंध में संगोष्ठी आयोजित की गई। इस दौरान बालकों एवं पुरुषों का संवेदीकरण, महिलाओं के यौन उत्पीड़न से बचाव और इससे संबंधित कानूनों की जानकारी एवं बाल विवाह रोकथाम अभियान, सजा जुर्माना विवाह की सही उम्र, हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बाल विवाह रोकथाम के लिए शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री जितेंद्र अहिरवार एवं समस्त स्टॉफ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्री चिरोंजा कुड़ापे उपस्थित रहे।

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

**सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### मकान में आग लगाते हुये क्षति पहुंचाई



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** समीपस्थ सांईखेड़ा के खिरका मुहल्ला निवासी एक व्यक्ति द्वाा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरी बडी मां नर्मदी बाई की खेती ग्राम सेठान मे है और उसी के पास से मेरे पिताजी फूलसिह की जमीन है जिस पर मै खेती किसानी का काम करता हूं। जहां पर एक पक्का मकान बना हुआ है। उस मकान में हम लोग कभी कभी रूक जाते है। बीते हुये दिवस मेरे पिता जी खेत मे गये थे और रात वही रूकने का बोला था। मगर सुबह जब प्रार्थी खेत पर गया तो मकान पर उसके पिता नही मिले तथा मकान मे लगे झूला, पलका और बाहर लगी स्टार्टर और पाईप जले हुए मिले। वही खेत मे गया तो प्रार्थी के पिता खेत मे मिले। उन्होने बताया कि रात में कुछ लोग आकर मुझे गालिया दे रहे थे जिसके चलते डर के मारे में छिप गया इसके बाद बाहर लगे स्टार्टर को तोडने की आवाज आई। वही गाली देने वाले की आवाज से लग रहा था कि वह ग्राम के हीरालाल नौरिया और उसका भाई छुट्टू नौरिया थें। वही प्रार्थी के पिता को संदेह है कि इन्ही लोगो ने घर में आग लगाई है। आग लगने से मेरे 40 पाईप, लकडी का झूला, 2 पलका, सोने बिछाने के कपडे, खाद बीज तथा राजकुमार के 30 पाईप जलकर नष्ट हो गये है। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### सटोरिया आये पुलिस की गिरफ्त में

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** सट्टे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये पुलिस द्वारा की जा रही कार्यवाही के चलते बीते हुये दिनों पुलिस द्वारा क्षेत्र में अलग अलग स्थानों पर छापे मारते हुये सटोरियों को पकड़ने में सफलता हासिल की गई है। इस संबंध में पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिनों समीपस्थ सिहोरा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर मारे गये छापे में अनुसार एक होटल के पास गोविंद पिता ज्ञानी प्रसाद लोधी निवासी अजंसरा को अवैध रूप से सट्टा पट्टी काटते हुये रंगे हाथों पकड़ते हुये आरोपी के पास से सट्टा पट्टी एवं नगदी 1140 रूपया जप्त किये गये। चीचली पुलिस द्वारा भी अपने थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बारहाबड़ा में वही के निवासी सूरज पिता मुल्लू पाली के पास से सट्टा पट्टी व नगदी 220 रूपया व चीचली के खिरका मुहल्ला में संदीप पिता मदन लाल ओझा निवासी वार्ड क्रमांक 5 के पास से भी सट्टा पटटी सहित नगदी 1180 रूपया जप्त करते हुये आरोपियों के खिलाफ 4 क जुआ एक्ट के तहत मामला कायम करते हुये गिरप्तार किये गये है।

### सीट सुरक्षित करने ट्रेक पार कर रहे यात्री

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शहर के रेलवे स्टेशन पर रेलयात्री सुविधाएँ मॉगने के हकदार है। किन्तु जान जोखिम में डाल उनका ट्रेनो में सफर करने को आतुर रहना उचित नही कहा जा सकता...। गौरतलब है कि इन दिनों चल रही शादियों के महौल के चलते रेलवे स्टेशन के दोनो प्लेटफार्मो पर रेलयात्री बच्चो, युवाओं, महिलाओं की काफी भीडभाड़ का आलम रहता है। मगर इस दौरान जब भी कोई ट्रेन रूकती है तो उसमें सीट सुरक्षित करने के लिए अधिकतर यात्री अपनी जान की परवाह न कर सीट की जुगाड़ में लग जाते है। हालत यह है कि कभी रूकने के लिए रेंगती ट्रेनो में उनके द्वारा चढ़नें की कोशिश की जाती है। बताया जाता है कि कई रेलयात्री ट्रेनो में सीट सुरक्षित करने के चलते ट्रैक पर खड़े हो जाते है, जब प्लेटफार्म कूद ट्रैक पार करना अपने आम में खतरे से खाली नही रहता, शहरवासियो ने रेल पुलिस से गुहार लगायी है कि स्टेशन पर ट्रेनो के आने के समय वह प्लेट फार्मो पर विशेष चौकासी बरते और रेलो में जगह पाने के लिए ट्रैक का इस्तेमाल करने वाले रेलयात्रियो को ट्रैक से हटा प्लेट फार्मो पर ही बैठकर ट्रेनो में चढ़ने की हिदायत दे।

# बाइकर्स के खिलाफ पुलिस का डंडा कमजोर होते ही शहर की सड़कों पर फिर फटाखे फोड़ते हुये सुनाई देने लगी बुलट, तेज आवाज वाले साईलेन्सर वाली गाड़ियों की मनमानी से आमजन का सड़कों पर निकलना हुआ दूभर..

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

सबसे शांति प्रिय माने जाने वाले इस नगर को पता नही कि युवा पीढी द्वारा कौन सा ग्रहण लगाया जा रहा है जिसके चलते सभ्य लोगों का सड़को पर निकलना दुभर होने से नही चूक रहा है? यदि नगर की सच्चाई पर गौर किया जावे तो जिस प्रकार से शाम के समय शहर की सड़कों पर महिलाओं व किशोरियों सहित सभ्य लोगों का अपने घरों से निकलना मुश्किल हो चुका है। हालत इस तरह से देखने मिल रहे है कि नगर के अनेक स्थल इस प्रकार के दिखाई दे रहे है जहां पर आवारा गर्दी करने वाले मनचलों के लिए प्रमुख केन्द्र बन चुके है..? जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो इस समय पानी टंकी व शासकीय चिकित्सालय क्षेत्र संपूर्ण नगर में चर्चा का विषय बन चुका है। यहां पर पर आये दिन झगड़ा लड़ाई सहित स्कूल आने जाने वाले छात्राओं के साथ छीटाकशी की घटनाओं आम बात हो चुकी है। वही दूसरी ओर इस क्षेत्र के प्रमुख माने जाने वाले मार्गो पर जहां दिन भर मनचलों का जमावड़ा लगा रहता है उसके चलते आने जाने वाली महिलाओं सहित आमजन को परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होते हुये देखा जा रहा है तो दूसरी ओर नगर की सड़को पर बाईकर्सो का आंतक छाने के साथ साथ मुख्य सड़को पर खड़े होकर निश्चित तौर से शहर की शांति को भंग करने में कोई कसर नही छोड़ जा रही है। क्योंकि इस समय देखा जावे तो घर घर नेता तैयार हो चुके है जो नगर की शांति व्यवस्था भंग करने वालों को संरक्षण देने की मुद्रा में दिखाई देने से नही चूक पाते है..? क्योंकि किसी छुट भैया नेता के दिल्ली वाले भैया से संबंध हे तो किसी के भोपाल वाले या फिर माता बऊ के आर्शीवाद के भरोसे बमचक मचाते हुये दिखाई देने से नही चूक रहे है? इसी का परिणाम है कि शहर की सड़को की सच्चाई जिस तरह से देखने मिलना शुरू हो गया है कि वाइकर्सो का आंतक छाने से आम लोगों का सड़को पर निकलना मुश्किल हो रहा है..। वाइकर्सो की मनमानी पर नजर डाली जावे तो मनमानी करने वाले अपनी बुलट गाडी हो या फिर अन्य बाइकों में तेज आवाज वाले साईलेंसर लगाना जहां अपनी शान समझने लगे है और सड़को पर फटखानुमा आवाज के साथ घूमने वाली बुलटों के चलते लोग रात के समय अपने घरों में शांति के साथ सो तक नही पा रहै। शहर की मुख्य सड़क हो या फिर शासकीय स्कूल तथा कार्योलयों के आसपास इस तरह फटाखानुमा आवाज निकालने वाले सायलेन्सर वाली बुलट गाड़ी की मानमानी आम लोगों के लिये परेशान करने में कोई कसर नही छोड़ रही है..? इस प्रकार से शहर में मनचलों की हरकतों का शिकार सबसे अधिक उन महिलाओं को होना पड़ता है जो अपने परिजनों के साथ रात के समय कही आ जा रही होती है। क्योंकि इन बाईकर्सो द्वारा अपनी गाडियों में लगे हुये तेज आवाज वाले साईलेंसर के साथ जिस गति से हुड दंग लीला मचाते हुये देखे जाते है उसके चलते पैदल चलने वाले राहगीरों की जान खतरे से खाली नही रह पा रही है। इस तरह सड़को पर हुडदंग लीला करने वाले अनेक युवाओं की गाडियाँ तो इस प्रकार से होती है कि वह बिना नंबर की वाईकों पर सवार होकर नशे की हालत दौडाते हुए देखा जाने आम बात होने लगी है। इस तरह वाइकर्सो की मनमानी को बीते हुये वर्ष तत्कालीन पुलिस अधीक्षक द्वारा गंभीरता से लेते हुये तेज आवाज वाले साईलेन्सरों के खिलाफ एक बुलडोर वाली मुहिम चलाते हुये जिस तरह डंडा घुमाया गया था उसके चलते इन वाइकर्सो की मनमानी पर काफी हद तक अंकुश लग गया था। मगर पुलिस के डंडे वाली कार्यवाही कमजोर होते ही इनके हौसले पूर्णरूप से बुलंद होने लगे है। जिसकी सच्चाई नगर के मुख्या बाजार से लेकर कालोनियों सहित शासकीय कार्यालयों के आसपास खुलेआम बुलट गाड़ी फटाखानुमा आवाज के साथ घूमते हुये दिखाई देना शुरू हो गया है। कुछ इसी तरह को हाल उन चार पहिया वाहनों का भी देखने मिल रहा है जो अपने गाडियों में प्रशासन के अधिकारियों की तरह अनेक प्रकार के सायरन लगाते हुये सड़को पर दौडाते हुये देखे जाते है। इसी के चलते नगरवासियों द्वारा पुलिस के सक्षम अधिकारियों से अपेक्षा जताई जा रही है कि बीते हुये वर्ष की भांति फिर एक बार फटाखानुमा आवाज निकालने वाले साईलेन्सरों के खिलाफ बुलडोजर वाली कार्यवाही शुरू की जावे। क्योंकि पुलिस का डंडा घुमाना शांत होने के चलते नगर की स्थिति एक बार फिर पटरी से उतरते हुये दिखाई देना शुरू हो चुकी है।






## मंडी परिसर बना गिट्टी व्यापारियों की दुकानदारी का अड्डा, नियम विरूद्व खड़े किये जा रहे ट्रक

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** जहां नगर की जवाहर कृषि मंडी का निर्माण किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुये किया गया है जिसमें अपना अनाज बेचने के लिए आने वाले किसानों को अपने वाहन खड़े करने के साथ साथ अन्य सुविधाएं मिल सके, मगर इस समय देखा जा रहा है कि मंडी प्रशासन की उदासीनता या फिर मिली भगत के चलते जहां गिट्टी का व्यापार करने वालों द्वारा अवैध रूप से कब्जा करते हुए यहां से गिट्टी की दुकानदारी की जा रही है, वही दूसरी अनेक वाहन मालिकों द्वारा मंडी परिसर में अपने वाहन खड़े करते हुए मंडी परिसर को पार्किग स्थल बना डाला है? इस प्रकार से मंडी परिसर को गिट्टी का कारोबार करने वालों द्वारा जिस प्रकार से उपयोग किया जा रहा है वही समझ से परे जान पड़ रहा है? इस बात का आज तक पता नही चला है कि आखिर में मंडी परिसर में गिट्टी के व्यापारियों द्वारा किसकी अनुमति से यहां पर गिट्टी रखते हुए अपना व्यापार किया जा रहा है। मगर इस प्रकार से मंडी परिसर का उपयोग अन्य दूसरे कार्यो में करना निश्चित तौर से जहां मंडी प्रशासन की उदासीनता या फिर मिली भगत की ओर संकेत देते हुए जान पड़ रहा है? वही दूसरी ओर इस प्रकार से अन्य लोगों द्वारा मंडी परिसर का दुरूपयोग किये जाने के कारण किसानों को परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है? जबकि गौर किया जावे तो मंडी में किसानों की सुविधा के लिए कई टीन शैड एवं चौड़ी सड़को एवं प्लेटफार्म का निर्माण किया गया है, मगर नगर की मंडी में अक्सर देखने को मिल रहा है कि रात्रिकालीन समय में सैकड़ो की संख्या में निजी ट्रक एवं अन्य वाहन वहां पर पार्किंग होते है, जिसे देखकर ऐसा महसूस होता है जैसे जवाहर कृषि उपज मंडी परिसर में वाहन रखने के लिए गैरिज बनी हो? इसी के साथ मंडी के पीछे वाले क्षेत्र में गिट्टी सप्लाई की दुकानदारी चल रही है जो बिल्डिंग मटेरियल के सप्लायर मंडी के अंदर गिट्टी का स्टाक रखते है पूरी मंडी में अनेको स्थानों पर गिट्टी का स्टाक देखा जा सकता है, बाबजूद इसके मंडी प्रशासन किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं करता न ही वाहन मालिकों को वाहन खड़े करने की मना करता है

## शासन के आदेश के चलते साईंखेड़ा मे दिव्यांग बच्चों के बीच आयोजित की गई विभिन्न स्पर्धाएं





**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।**

राज्य शासन एवं जिला शिक्षा केंद्र के निर्देशों के परिपालन में बीते हुये दिवस विकास खंड साईंखेड़ा के जनपद शिक्षा केंद्र के परिसर में विकास खंड स्तरीय दिव्यांग छात्र छात्राओं के बीच खेलकूद, सांस्कृतिक एवं सामर्थ्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत विकास खंड साईंखेड़ा के विभिन्न जन शिक्षा केंद्रों में अध्यनरत दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। बताया जाता है कि आयोजित की गई प्रतियोगिताओं में दौड़, चम्मच दौड, कुर्सी दौड़, बाल्टी बाल, रंगोली, चित्रकला से संबंधित गतिविधियां संपादित कराई गई। प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ मंचासीन अतिथियों सहायक संचालक सुश्री सीमा डोंगरे, बीआरसी संदीप स्थापक, सांदीपनी विद्यालय प्राचार्य चंद्रकांत विश्वकर्मा के आलवा बीएसी मनीराम मेहरा एवं पवन राजोरिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर ब्लाक शिक्षा अधिकारी सीमा डोंगरे ने कहा कि इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य दिव्यांग बच्चों के अंदर छुपी प्रतिभाओं को सामने लाने का है। क्योंकि इन बच्चों के प्रति सहानुभूति का भाव होना आवश्यक है। इसी प्रकार से संदीप स्थापक ने अपने उदबोधन में कहा कि प्रतिवर्ष विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर इन स्पर्धाओ का आयोजन किया जाता रहा है। आज ब्लॉक स्तर पर चयनित छात्र छात्राएं जिला स्तर पर आयोजित स्पर्धाओ में सहभागिता करेंगे। चंद्रकांत विश्वकर्मा ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के प्रोत्साहन के लिए इस प्रकार के आयोजन होते रहना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन भानु राजपूत एवं प्रभात रूसिया ने किया। वही अंत में आभार प्रदर्शन प्रतियोगिता प्रभारी पवन राजोरिया ने किया। उल्लेखनीय है कि संपन्न हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में दीपक ठाकुर, प्रियांशी कुशवाहा, संदीप नौरिया, वंशिका प्रजापति, परिधि राजपूत, विवेक रजक, महक बी, ऋषिका भार्गव, देवांश रजक, कल्पना कहार, रोहित ठाकुर, हर्षिता वंशकार एवं हरिओम कुशवाहा सहित अन्य ने अपना स्थान जिला स्तर के लिए सुनिश्चित किया। बताया जाता है कि यह सभी चयनित विद्यार्थी आज 3 दिसंबर को जिला स्तरीय दिव्यांग प्रतियोगिता में अपनी सहभागिता देंगे। इस प्रतियोगिता के समापन मे अतिथियों ने सभी विजयी एवं प्रतिभागी दिव्यांग छात्र छात्राओं को ट्राफी, प्रशस्ति पत्र एवं ऊनी स्वेटर वितरित की गई। वही प्रतियोगिता के आयोजन स्थल पर सभी बच्चों एवं उनके पालको हेतु भोजन के पैकिट वितरित किये गये। इस आयोजन को सफल बनाने में एमआरसी प्रदीप मालवीय, दीपक आरसे, पंकज पाठक, दीपक स्थापक, बनवारी लाल नागवंशी,अवधेश पटैल, प्रमोद पठारिया, आजाद कौरव, देवी सिंह कीर, नेपाल झारिया, अपसार खान, मधुसूदन पटैल, सुषमा तिवारी, रश्मि पटैल, पूनम पटैल, विनीता राजपूत, दीपक गुप्ता, अनिरुद्ध अवस्थी, राजा कहार सहित अन्य का उल्लेखनीय सहयोग रहा।

# शहीद नगरी चीचली में गीता जयंती उत्सव के दौरान उत्कृष्ट विद्यालय में गूँजा 'पुरुषोत्तम योग' का पाठ





**हरिभूमि न्यूज/चीचली।**

शासन के आदेश अनुसार गीता जयंती को उत्साह के रूप में बनाने के चलते बीते हुये दिवस शहीद नगरी चीचली में बडे ही उत्साह के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि गीता जयंती के अवसर पर सोमवार को विकास खंड चीचली के उत्कृष्ट विद्यालय में में श्रीमद्भगवद्गीता के 15वें अध्याय पुरुषोत्तम योग का सामूहिक पाठ भव्य रूप से संपन्न हुआ। लोक शिक्षण संचनालय के निर्देशों के परिपालन में शासन, सामाजिक संस्थाओं और विद्यालयों की संयुक्त पहल पर आयोजित इस कार्यक्रम में जन्म प्रतिनिधियों गणमान्य नागरिकों एवं विद्यार्थियों ने भाग लेकर आध्यात्मिक वातावरण को उत्साहपूर्ण बना दिया। प्रदेश के जिलों में आयोजित कार्यक्रम सहित उत्कृष्ट विद्यालय चीचली में सुबह 10 बजे एक साथ गीता के 15वें अध्याय के श्लोकों का सस्वर संगीतमय वाचन पंडित शास्त्री आशुतोष शर्मा द्ववारा कराया गया। इस दौरान आगंतुक जन प्रतिनिधियों अंतर्गत मंडल अध्यक्ष नरेश कौरव, के एल साहू, संतोष चौरसिया ने सभी को संबोधित करते हुए गीता, गायत्री, गौमाता, गंगा के महत्व को बताते हुए श्रीमदभगवत गीता के मूल भाव से सभी को परिचित कराया गया। बताया जाता है कि इस दौरान उन्होंने अपने उद्बोधन में गीता के सारतत्व 15 अध्याय में निहित वर्णन को उजागर किया। वही विकास खंड शिक्षा अधिकारी नीलम मरावी, विकास खंड स्त्रोत समन्वय डी के पटेल तथा संस्था प्राचार्य भूपेश ठाकुर द्वारा भी विद्यार्थियों को विभिन्न धर्म से संबंधित वेद, पुराण, धार्मिक किताबें में निहित भाव से अवगत कराया गया। विद्यार्थी स्वाध्ययन के साथ-साथ अनुशासन, राष्ट्रीयता का भाव पर अग्रसर रहें तथा सदैव बड़ों का आदर करें। इस कार्यक्रम में जन अभियान परिषद की विकास खंड समन्वयक स्मिता डांडे, संजय पाठक, जनपद पंचायत चीचली से संजीव तिवारी, दीप माला ब्रह्मवंशी सहित शाला स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षक विनीत नामदेव एवं सत्यम ताम्रकार द्वारा किया गया।

## खंडहर में तब्दील हो रहा कभी गुलजार रहने वाला जनपद भवन

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर में कुछ शासकीय इमारते ऐसी है जिनकी प्रशासन द्वारा उपेक्षा और उनके रख रखाब करने की अनदेखी की बजह से वे बदहाल होती चली जा रही है। इन जर्जन इमारतों का बारिश में ढहने का खतरा रहने के बाबजूद प्रशासन हरकत में नही आता जिसके कारण आंधियों, बारिश झेलने के बाद ये कीमती इमारते या तो खुद टूटने लगती है या फिर उनकी निर्माण सामग्री चोरी होने का सिलशिला शुरू हो जाता है जिसकी सच्चाई नगर में जहां तहां बनी हुई शासकीय इमारतों के बदहाल होने की स्थिति में दिखाई पड़ रही है? जानकारी के अनुसार पुलिस लाईन में बने पुलिस कर्मियों के क्वार्टर, थाने के सामने बना तहसीलदार का बंगला, पुलिस की पुरानी चौकी परिसर मं बने आरक्षकों के आवास, आवकारी विभाग का भवन तथा शासकीय अस्पताल के पास स्थित टी वी वार्ड सहित अन्य कुछ शासकीय कार्यालयों में अंग्रेजो के जमाने में निर्मित भवनों की हालत शोचनीय होती चली जा रही है। गौरतलब है कि नगर के पलोटन गंज इलाके में बने हुए कृषि विभाग और पुराने जनपद भवन को समय की मार पहले जर्जर कर दिया था, जिसके चलते वह खंडहर हो चुका है, ज्ञात हो कि इसमें कृषि विभाग के भवन का पुनःनिर्माण का काम फिलहाल चल रहा है किन्तु कभी गुलजार रहने वाला जनपद भवन तो पूर्ण रूप से खंडहर में तब्दील होता जा रहा है। बताया जाता है कि जनपद पंचायत सांईखेड़ा के स्वामित्व में आने वाले उक्त बेश कीमती भवन के खपरे, सागौन की लकड़यि सहित अन्य सामग्रीर गायब हो चुकी है तथा शेष रही भी लगातार गायब होती चली जा रही है तथा उसके भीतरी भाग में भीषण गंदगी व्याप्त होने के कारण जहरीली कीड़े जन्म ले रही है, इस हालत में पड़े हुए शासकीय भवनों को लेकर लोगों का कहना है कि पलोटन गंज का जनपद भवन कब ढहने की कगार पर आ जाए इसकी कल्पना नही की जा सकती है..? वही लोगों कहना है कि यदि प्रशासन अपनी इस बेशकीमती संपत्ति को लेकर अच्छी सोच बनाये तो निश्चित ही यहां पर काम्पलेक्स सहित अन्य चीजों का निर्माण हो सकता है जिससे शासन को आये होने के साथ बेरोजागरो के लिए आय का साधन साबित हो सकता है? मगर प्रशासन की उदासीनता के चलते सह सब हो पाना मुश्किल ही जान पड़ रहा है।




# गरधा के कृषक ने बेलर मशीन को बनाया अतिरिक्त आय का साधन

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग और कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा सांईखेड़ा विकास खंड के ग्राम गरधा निवासी कृषक प्रवीण कौरव के खेत में बेलर मशीन द्वारा धान कटाई उपरांत पराली के बंडल बनाने का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कृषक प्रवीण कौरव ने बताया कि बेलर मशीन के माध्यम से धान की पराली में बेलर चलाकर गाडरवारा तहसील के गरधा गौशाला में 1200 क्विंटल, बसुरिया गौशाला में एक हजार क्विंटल, रमपुरा गौशाला में 200 क्विंटल, निवारी गौशाला में 150 क्विंटल और अन्य कृषकों के यहाँ धान की पराली लगभग 200 क्विंटल पशुओं के चारा उपयोग के लिए बनाए गए थे। वर्तमान में गन्ना की कटाई का कार्य जारी है। गन्ना की कटाई के पश्चात गन्ने की पत्तियों एवं अन्य अवशेषों को भी बेलर मशीन चलाकर बंडल बनाने का कार्य किया जा रहा है। गन्ने के बनाये गए बंडल पास के सीबीजी प्लांट में कोयला (पिलेट) आपूर्ति की जा रही है। बेलर मशीन खरीदने के पश्चात गौशालाओं को पशुआहार के रूप में उपयोग किया जा रहा है। साथ ही सीबीजी प्लांट में आपूर्ति करके उनकी आय में वृद्धि हुई है। इससे पर्यावरण भी दूषित होने से बच रहा है और खेत की मिट्टी की उर्वरा शक्ति में भी बढ़ोत्तरी हो रही है। कृषक प्रवीण कौरव ने सभी कृषकों को सुझाव दिया है कि वे भी ज्यादा से ज्यादा बेलर मशीन का उपयोग करे जिससे धान की पराली व गन्ने की पतरोई को जलाने की जरूरत ही नही पडेगी।

फोटो क्रमांक - 15 बेलर मशीन, फोटो क्रमांक - 16 धान के डंठल से बनाये गट्ठे।

# अमर शहीद आशीष शर्मा के गंगाजली पूजन में जिला पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों ने शामिल होकर अर्पित किये श्रद्धासुमन






**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

समीपस्थ ग्राम बोहानी निवासी अमर शहीद आशीष शर्मा के परिजनों द्वारा आयोजित किये गये गंगाजली पूजन में जहां लोगों की भीड़ तो देखने मिली मगर सभी की आंखे नम दिखाई देने से नही चूक रही थी। ज्ञात हो कि मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं महाराष्ट्र पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा चलाए गए नक्सल विरोधी ऑपरेशन के दौरान निरीक्षक आशीष शर्मा (म.प्र. हॉक फोर्स) ने अभूतपूर्व वीरता एवं साहस का परिचय देते हुए बीते हुये 19 नवम्बर 2025 को नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में वीरगति प्राप्त की थी। इसी के चलते कल 2 दिसम्बर को उनके गृह ग्राम बोहानी में गंगाजली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया, उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा, गाडरवारा नगर निरीक्षक विक्रम रजक, सिहोरा पुलिस चौकी प्रभारी विजय पाल सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे तथा अमर शहीद आशीष शर्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक मीना द्वारा अमर शहीद शर्मा के माता पिता सहित भाई से भी मुलाकात की गई। इस दौरा जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा कहा गया कि नरसिंहपुर पुलिस अमर शहीद निरीक्षक आशीष शर्मा के सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हुए उसे सदैव स्मरण में रखेगी।



खबर संक्षेप

## महिला को तुरंत मिली ट्राईसाइकिल, दिव्यांग प्रमाण पत्र भी जारी



**डिंडौरी।** जिला मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई एक बार फिर समस्याओं के त्वरित निराकरण का सशक्त माध्यम साबित हुई। ग्राम समनापुर की 44 वर्षीय दिव्यांग महिला श्रीमती पूनम यादव जब अपनी समस्या लेकर पहुंचीं, तो कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने अत्यंत संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल राहत प्रदान की। आवेदिका ने बताया कि वह पैरों से चलने-फिरने में असमर्थ हैं और कुछ महीने पूर्व पति के निधन के बाद परिवार गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर ने बिना विलंब किए मौके पर ही ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, जिससे आवेदिका को तत्काल सहारा मिला।यही नहीं, कलेक्टर ने आगे की प्रक्रिया को आसान बनाने हेतु महिला को तुरंत अस्पताल भेजकर उसका दिव्यांग प्रमाण पत्र भी बनवाया, ताकि आवेदिका को शासन की सभी लाभकारी योजनाओं का रास्ता सुगम हो सके।कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्राथमिकता से दिलाया जाए तथा आवेदिका को आगे मिलने वाली सभी शासकीय सहायता सुनिश्चित की जाए।इस त्वरित सहायता प्राप्त होने पर आवेदिका ने जिला प्रशासन एवं कलेक्टर श्रीमति भदौरिया के प्रति आभार व्यक्त किया।

## सरकारी कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा पर विवाद



**डिण्डौरी।** जनपद पंचायत शहपुरा क्षेत्र में आयोजित विकास कार्यों के भूमि-पूजन और लोकार्पण कार्यक्रमों में प्रोटोकॉल का पालन न किए जाने को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष रूदेश परस्ते, जनपद पंचायत शहपुरा के उपाध्यक्ष जितेन्द्र चंदेल सहित अन्य निर्वाचित जनपद सदस्यों ने मंगलवार को कलेक्टर डिण्डौरी अंजू पवन भदौरिया से मुलाकात की और सामूहिक रूप से लिखित शिकायत सौंपी। प्रतिनिधियों का कहना है कि 25 से 28 नवंबर 2025 के बीच शहपुरा जनपद क्षेत्र में आयोजित विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों की न तो क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को सूचना दी गई और न ही कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए शिलालेख पत्थरों में प्रोटोकॉल के अनुसार उनके नाम शामिल किए गए। उन्होंने इसे जनप्रतिनिधियों के सम्मान, अधिकार और लोकतांत्रिक परंपराओं का खुला उल्लंघन बताया है।जिला पंचायत अध्यक्ष रूदेश परस्ते का कहना है कि यह मामला किसी व्यक्तिगत असहमति का नहीं, बल्कि राजपत्रित प्रोटोकॉल की अनदेखी का संगठित रूप है। नियमों के अनुसार शिलालेखों पर जिला प्रभारी मंत्री, सांसद, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष, संबंधित जिला व जनपद सदस्य तथा ग्राम पंचायत के सरपंच और उपसरपंच के नाम अनिवार्य रूप से दर्ज किए जाने चाहिए। जनपद उपाध्यक्ष और अन्य सदस्यों ने भी शिकायत में आरोप लगाया कि शहपुरा क्षेत्र में पिछले कई कार्यक्रमों में इसी प्रकार की लापरवाही दोहराई गई है, जिससे यह प्रतीत होता है कि जनप्रतिनिधियों को जानबूझकर कार्यक्रमों से दूर रखा जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित नहीं किया गया, तो वे आंदोलनात्मक कदम उठाने के लिए बाध्य होंगे।प्रतिनिधियों ने कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया से अनुरोध किया कि गलत तरीके से लगाए गए शिलालेखों को शीघ्र संशोधित कराया जाए, सात दिवस के भीतर सुधार की जानकारी उपलब्ध कराई जाए, और भविष्य में किसी भी कार्यक्रम में प्रोटोकॉल अनुपालन के लिए स्पष्ट निर्देश जारी किए जाएं।

### विधायक ओमकार मरकाम ने विधानसभा अध्यक्ष को भेजा पत्र

# मनरेगा से लेकर स्कूल भवनों तक कई मुद्दों पर जताई गंभीर चिंता

डिंडौरी विधायक ओमकार सिंह मरकाम ने प्रदेश सरकार के कामकाज और प्रशासनिक उदासीनता पर कड़ा रुख अपनाते हुए विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर विधानसभा परिसर में अनशन पर बैठने की सूचना दी है।

डिंडौरी ।



उन्होंने पत्र में ऐसे कई महत्वपूर्ण जनसमस्याओं को उठाया है, जिनका समाधान लंबे समय से लंबित है, लेकिन शासन-प्रशासन द्वारा न तो सुनवाई हो रही है और न ही प्रभावी कार्रवाई।

**मनरेगा में अनियमितता और रोजगार से वंचित श्रमिक**

विधायक मरकाम ने स्पष्ट आरोप लगाया है कि डिंडौरी जिला ही नहीं, बल्कि पूरे मध्यप्रदेश में मनरेगा योजना अपने मूल स्वरूप से भटक चुकी है। जॉब कार्ड धारकों को प्रतिवर्ष 100 दिवस का रोजगार नहीं दिया जा रहा है। इतना ही नहीं, मनरेगा एक्ट के तहत 60-40 के अनुपात का पालन भी नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों और जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार मांग के बावजूद शासन ध्यान नहीं दे रहा, जिससे ग्रामीणों की आजीविका प्रभावित हो रही है।

**स्कूल भवन जर्जर, कई संस्थानों के पास नहीं है भवन**

मरकाम ने शिक्षा व्यवस्था की खस्ताहाल स्थिति पर भी सवाल उठाए। उन्होंने बताया कि आदिवासी बहुल डिंडौरी जिले में अनेक प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों के भवन जर्जर हालत में हैं, जबकि कई संस्थान भवनविहीन हैं। विरोधाभास यह है कि सरकार दावा करती है कि सभी शैक्षणिक संस्थानों में उपयुक्त भवन व्यवस्था है, जो वास्तविकता से परे और निराधार है।विधायक ने आवासहीनों की समस्या को भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि डिंडौरी जिले में अधिकांश पात्र हितग्राहियों को पीएम आवास स्वीकृत नहीं किए गए हैं, जबकि जिन्हें स्वीकृति मिली है, वे अपर्याप्त राशि के कारण अपना आवास पूरा नहीं कर पा रहे। वर्ष 2015-16 से योजना की राशि में कोई वृद्धि नहीं हुई, उल्टा 10 हजार रुपए की कटौती कर दी गई है, जिससे निर्माण कार्य और कठिन हो गया है।मरकाम ने पत्र में उल्लेख किया कि प्रदेशभर में आशा कार्यकर्ता, आशा पर्यवेक्षक, मेट, रसोइया, अंशकालीन भृत्य, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, संविदा कर्मचारी और अतिथि शिक्षक अपनी विभिन्न मांगों को लेकर लगातार आंदोलनरत हैं। इसके बावजूद शासन द्वारा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे।डिंडौरी सहित प्रदेश के गांव-गांव में नशे का कारोबार फैलने पर भी विधायक ने गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि नशीली सामग्री की उपलब्धता से युवा पीढ़ी नशे की चपेट में आ रही है, लेकिन शासन-प्रशासन द्वारा इस दिशा में अपेक्षित कार्रवाई नहीं की जा रही है।

## जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक संपन्न



**डिंडौरी ।** कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागर में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिला जल एवं स्वच्छता समिति एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी, वनमंडल अधिकारी श्री पुनीत सोनकर, डिप्टी कलेक्टर श्री अक्षय डिगरसे, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं समिति के अन्य सदस्यगण, विभागीय कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री, उपयंत्री सिविल, उपयंत्री मेकेनिकल, जलजीवन मिशन के निरीक्षणकर्ता अधिकारी एवं संबंधित संविदाकार उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत 48 नल जल योजनाओं की समीक्षा की गई, जिसमें माह नवंबर में 25 योजनाओं को पूर्ण की जा सकीं, शेष 23 योजनाओं एवं आगामी माह दिसंबर की 75 योजना इस प्रकार कुल 98 योजनाओं को दिसंबर माह मे पूर्ण करने के निर्देश दिए। संविदाकार सुरेन्द्र ओझा को बिना सीपेट रिपोर्ट जांच के पाइप लाइन डालने एवं आर के गुप्ता कन्ट्रक्शन को आंवटित 8 ग्राम की योजनाओं को पूर्ण न करने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निरीक्षणकर्ता अधिकारी संबंधित ठेकेदार एवं ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव को संयुक्त रूप से योजना पूर्ण होने पर जियोटैग युक्त फोटो एवं ग्रामसभा में योजना की सामुहिक जानकारी देने के उपरांत ही हैण्डओवर की जाए। और ऐसे ग्राम जहां पर योजना पूर्ण होने के उपरांत भी हस्तांतरण न करने वाले ग्रामों की सूची तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। रोड निर्माण के दौरान पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने से नल जल योजना प्रभावित होने वाले ग्राम की सूची, प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश विभागीय अधिकारी एवं करंजिया विकासखंड हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को निर्देश दिए। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मैकेनिकल जबलपुर के द्वारा अपने क्षेत्राधिकार में कार्य में लापरवाही बरतने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही साथ ऐसी योजनाएं जहां पर विद्युत की समस्या के कारण प्रभावित नल जल योजनाओं की कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को सूची प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समय सीमा में कार्य पूर्ण करने वाले विभागीय अधिकारी एवं संबंधित संविदाकार को प्रशस्ति पत्र सम्मानित करने के निर्देश दिए। साथ ही साथ ऐसे संविदाकार जिनके द्वारा समय सीमा में कार्य पूर्ण नहीं किया जाता है उनके विरूद्व कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ऐसे संविदाकारों के द्वारा समय सीमा में गुणवत्तायुक्त कार्य न करने पर भुगतान न किया जाए। जिन ग्रामों में विद्युत के कारण नल जल प्रदाय प्रभावित हो रही है ग्राम की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। तथा समन्वय स्थापित कर समस्या के समाधान के निर्देश दिए गए। जल जीवन मिशन के रेस्टोरेशन के कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए उक्त कार्य की समीक्षा बैठक कलेक्टर द्वारा किया जावेगा।

### साप्ताहिक जनसुनवाई में उमड़ी फरियादियों की भीड़

# कलेक्टर ने कई मामलों का मौके पर किया समाधान

डिंडौरी ।




कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं और कई आवेदनों का तत्काल समाधान कराया। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित कुल 54 आवेदन प्रस्तुत किए, जिन मामलों का तुरंत समाधान संभव नहीं हो सका, उनके लिए आवेदकों को समय-सीमा निर्धारित कर आवश्यक आश्वासन प्रदान किया गया। ग्राम समनापुर निवासी श्रीमती पूनम, 44 वर्षीय दिव्यांग महिला ने प्रधानमंत्री आवास एवं ट्राईसाइकिल की मांग का आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदिका ने बताया कि वह पैरों से चलने-फिरने में असमर्थ हैं तथा पति का हाल ही में निधन हो गया है। कलेक्टर ने सामाजिक न्याय एवं ग्रामीण विकास विभाग को प्रकरण की प्राथमिकता से जांच कर आवश्यक लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।ग्राम लूटगांव क्षेत्र के ग्रामीण रेखचंद ने हाईटेंशन लाइन निर्माण कार्य के दौरान ठेकेदार द्वारा बिना अनुमति उनके लगभग 25 पेड़ों को काटे जाने की शिकायत की। आवेदन में बताया गया कि पेड़ कटने से फसल को भी भारी नुकसान हुआ है। कलेक्टर ने राजस्व एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों को जांच करने तथा पेड़ एवं फसल क्षति का विधिवत मूल्यांकन कर उचित मुआवजा दिलाने के निर्देश दिए।ग्राम छांटा माल की एक आवेदिका ने प्रधानमंत्री आवास की किस्त पति की मृत्यु के बाद उनके खाते में स्थानांतरित न होने की शिकायत दर्ज कराई। कलेक्टर ने संबंधित विभाग को प्रकरण में तत्काल कार्रवाई कर आवेदिका को देय राशि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।इसी क्रम में जनपद पंचायत बजाग, ग्राम पंचायत पंडरूखी के अंतर्गत पाखाटोला के ग्रामीण ने ग्रेवल सड़क का निर्माण कार्य किए जाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत कर बताया की ग्राम में संचालित आंगनवाड़ी, प्राथमिक शाला आने जाने के लिए मार्ग नही है। इस पर कलेक्टर ने सीईओ बजाग को समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने जनसुनवाई के अंत में सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए तथा प्रत्येक आवेदन का समयबद्ध एवं पारदर्शी निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

# प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना की समीक्षा बैठक संपन्न



डिंडौरी ।

कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें कृषि विभाग, वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र, पशु चिकित्सा विभाग, सामाजिक न्याय, सहकारिता, उद्यानिकी, मत्स्य, उद्योग, जल संसाधन, बैंकर्स, नाबार्ड, प्रगतिशील किसान, नरवाई प्रबंधन के लिए कृषि अभियांत्रिकी, आत्मा गर्वनिंग बोर्ड, प्राकृतिक खेती, परंपरागत कृषि विकास योजना और अन्य विभागीय योजनाओं के बारे विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में कृषि उत्पादकता बढ़ाने, फसल विविधिकरण, टिकाऊ खेती, सिंचाई विस्तार, तथा जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा, कृषिगत अल्पकालिक एवं अल्पकालिक कृषि ऋण की सुगमता, सुशासन एवं बेहतर सेवा उपलब्धता देने पर चर्चा की गई एवं आगामी छः वर्षों हेतु धन-धान्य कृषि योजना के प्रस्ताव तैयार करने पर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने कृषि विकास के अंतर्गत उन्नत बीज वितरण, आधुनिक कृषि यंत्र, फसल कटाई उपरांत प्रबंधन और भंडारण क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया गया। सिंचाई विस्तार के लिए चैकडेम, एनिकट, मेढ़बंधान तथा ड्रिप-स्प्रिंकलर तकनीक को बढ़ावा देने और मुडकी, खरमेर व डिंडौरी सिंचाई परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए कलेक्टर ने जिले के सभी विकासखंडों में श्रीअन्न बीज बैंक, वेयरहाउस व कोल्ड स्टोरेज निर्माण को गति देने पर सहमति बनी। जैविक एवं प्राकृतिक खेती के लिए 2000 हेक्टेयर जैविक एवं 2500 हेक्टेयर क्षेत्र में प्राकृतिक खेती का लक्ष्य निर्धारित किया गया।

डिंडौरी में 2 शहद इकाइयाँ, जबकि करंजिया, बजाग एवं मेहदवानी में मशरूम उत्पादन इकाइयाँ स्थापित की जा रही हैं, जिनमें महिलाओं को विशेष रूप से शामिल किया गया है। बांस, सूरजमुखी, कुसुम व दलहन जैसी उच्च मूल्य फसलों के लिए मार्केट लिंकेज मजबूत करने की पहल भी की गई।बैठक के दौरान कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने सभी विभागीय को संबोधित करते हुए कहा कि कोई भी काम कलस्टर बनाकर करें ताकि एक दूसरे को मालूम होना चाहिए कि किस विभाग के कौन-कौन से कार्य किसानों के हित में किए जा रहे हैं ताकि दूसरे विभाग को अन्य कार्य सौंपे जा सकें। जैसे- शहद, मशरूम, मत्स्य पालन, जैविक खेती, मुर्गी पालन, पशुपालन, दुग्ध डेयरी, स्थानीय उत्पाद श्रीअन्न, वनोपज, राई तेल, ब्रॉंडिंग एवं विपणन सुविधा को बढावा देने पर जोर आदि। साथ ही साथ जिले के आवश्यकतानुसार पात्र किसानों के किसान क्रेडिट कार्ड बनाए जाएं। कलेक्टर ने कृषि विभाग के सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि अपने-अपने क्षेत्र में सुपरशीडर कृषि यंत्र का किसानों को जानकारी देते हुए क्रय करने की सलाह दी जाए। इस यंत्र पर शासन के द्वारा 1 लाख 20 रूपए का अनुदान दिया जा रहा है। इसलिए सभी कर्मचारी अपने-अपने क्षेत्र में 10-10 किसानों को लाभान्वित करने का प्रयास करें। आत्मा विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया है कि जिले के किसानों को राज्य या राज्य से बाहर उत्तम कृषि, तकनीकी प्रशिक्षण के लिए जरूरतमंद किसानों को भेजा जाए। चाहे वह किसी भी विभाग के कृषक क्यों न हो, ताकि उनको कृषि के क्षेत्र में अधिक से अधिक उत्पादन कर आय के स्त्रोत में वृद्धि कर सकें।

कलेक्टर ने सभी अधिकारी कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि कृषि विभाग के बजाग क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों के द्वारा अपने कार्य में लापरवाही बरतना तथा लक्ष्य की पूर्ति न करने पर कोषालय अधिकारी को वेतन रोकने के निर्देश दिए। कार्य पूर्ण होने के उपरांत ही संबंधित कर्मचारियों का वेतन देय होगा। बैठक में सीईओ जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी, वरिष्ट वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. पी.एल. अम्बुलकर, डॉ. अवधेश पटेल, कृषि उपसंचालक सुश्री अभिलाषा चौरसिया, आत्मा प्रभारी सुश्री नेहा धूरिया, महाप्रबंधक उद्योग श्रीमती राधिका कुशरो, एनआरएलएम प्रबंधक श्रीमती अर्पणा पांडे, विटनरी अधिकारी एचपी शुक्ला, मत्स्य अधिकारी श्री राकेश चंदेल, कार्यपालन यंत्री विद्युत विभाग राकेश बघेल, जल संसाधन विभाग एके शर्मा, सहकारिता अधिकारी अशोक द्विवेदी, उद्यानिकी अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



## विश्व दिव्यांग दिवस पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों और खेल प्रतियोगिताओं में दिव्यांग बच्चों का उत्साह

बजाग।

विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर जनपद शिक्षा केन्द्र बजाग में विकासखण्ड स्तरीय शिविर का भव्य आयोजन किया गया। इसमें विकासखण्ड की विभिन्न शालाओं से कक्षा 1 से 8 तक के दिव्यांग बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को समान अवसर प्रदान करते हुए उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना था।कार्यक्रम के दौरान चित्रकला, रंगोली, कुर्सी दौड़, गायन, नृत्य, दौड़ सहित अनेक सांस्कृतिक और खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं के उपरांत बच्चों को टिफिन सेट, पानी की बोतल, पेन, कम्पास आदि पुरस्कार प्रदान किए गए। साथ ही बच्चों, उनके अभिभावकों तथा साथ आए शिक्षकों को लंच पैकेट भी वितरित किए गए।

विकासखण्ड स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में चयनित 10 दिव्यांग बच्चे आगामी 03 दिसंबर 2025 को जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम में बीआरसी ब्रजभान सिंह गौतम, बीएसी संजय जैन, बलवंत साहू, दीपेंद्र चौहान, अरुण चौधरी, एमआरसी मुकेश झारिया, जनशिक्षक विनोद साहू, सुखसेन मरावी, गुलेन्द्र हरिनखेड़े, रामूलाल सोनी, महेन्द्र मानिकपुरी, एमआईएस कोऑर्डिनेटर नीलेश धूरिया, कंप्यूटर ऑपरेटर हेमंत पाठक तथा भृत्य अरुण श्रीवास सहित विभिन्न शालाओं से आए शिक्षकगण उपस्थित रहे।कार्यक्रम का समापन बीआरसी ब्रजभान सिंह गौतम के उद्बोधन के साथ किया गया। दिव्यांग बच्चों को मिले पुरस्कारों ने उनके चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास की चमक भर दी।

# कलेक्टर ने बालिकाओं को किया प्रेरित 'पंखिनी' से जुड़कर दें अपने सपनों को दो पंख

डिंडौरी ।





जिले में बालिकाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निःशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रारंभ किए गए नवाचार "पंखिनी-सपने को दो पंख" के प्रचार-प्रसार को और सशक्त बनाने के लिए कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदोरिया ने स्वयं शासकीय आदर्श महाविद्यालय, डिंडौरी पहुँचकर छात्राओं से प्रत्यक्ष संवाद किया। कार्यक्रम में कलेक्टर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बड़े शहरों की तरह अब डिंडौरी की बालिकाओं को भी गुणवत्तापूर्ण कोचिंग और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का समान अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा "पंखिनी अभियान हमारे जिले की बालिकाओं के सपनों को वास्तविकता में बदलने का माध्यम है। आप सभी अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन करें और इस अवसर का पूरा लाभ उठाएँ।"

उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए यह भी कहा कि ग्रेजुएशन के साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी प्रारंभ करना आवश्यक है, क्योंकि निरंतर अभ्यास और दृढ़ निश्चय सफलता की कुंजी हैं।'पंखिनी' अभियान के अंतर्गत मिलने वाली प्रमुख सुविधाएँ अनुभवी शिक्षक, कॉलेज के प्रोफेसर, ऑनलाइन सब्सक्रप्शिन के साथ उत्कृष्ट एकेडियों के अनुभवी शिक्षकों से लाइव कॉचिंग देने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।निःशुल्क प्रतियोगी परीक्षा कोचिंग क्लासेस पुलिस भर्ती हेतु फिजिकल प्रशिक्षण सभी ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण की व्यवस्थाएमपीपीएससी, पीईबी, रेलवे, पुलिस भर्ती, समूह-2, समूह-3 एवं अन्य परीक्षाओं की तैयारी करायी जाएगी। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने छात्राओं को आत्मविश्वास, लक्ष्य निर्धारण और नियमित अध्ययन की महत्ता पर विशेष बल दिया।उन्होंने कहा कि यह नवाचार विशेष रूप से जनजातीय क्षेत्रों की बालिकाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खोलेगा।

कार्यक्रम में शासकीय आदर्श महाविद्यालय के प्राचार्य, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्याम सिंगौर, जिला जनसंपर्क अधिकारी, डॉ. एस.एस. धुर्वे, नवीन टेकाम, हिमांशु तिवारी, विपिन दुबे, प्रिया चतुर्वेदी, अमृता सिंह, तरुण राठौर, पूजा सिंह, डॉ. किरण दावनदे, डॉ. मेघा परस्ते, डॉ. विनीत, डॉ. अल्का, डॉ. दीपक कोरी, डॉ. अशोक, डॉ. मंगू दाश, डॉ. नसीम बानो, डॉ. जितेंद्र, डॉ. बाबूलाल कोस्टी, डॉ. रावेंद्र साकेत और डॉ. शारदा प्रसाद सिंह शामिल रहे। साथ ही सहायक अध्यापक, आउटसोर्स कर्मचारी, लैब टेक्नीशियन एवं सपोर्टिंग स्टाफ एवं महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे । कार्यक्रम की सफल व्यवस्था एवं समन्वय में डॉ. कल्पना मिश्रा का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

## खबर संक्षेप

### मशाल यात्रा का हुआ स्वागत



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस राजमार्ग चौराहे पर पूर्व विधायक संजय शर्मा के कार्यालय परिसर में बी ए पी एस स्वामीनारायण संस्थान अटलादरा बड़ोदरा के पूज्य महंत जी के 92 वें जन्म जयंती अवसर पर शिष्य मंडली द्वारा जबलपुर से अहमदाबाद तक निकाली जा रही मशाल जुलूस यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया।भोजन चाय नाश्ता के उपरांत यात्रा पुनः अहमदाबाद के लिए रवाना हुई।

### फसलों के अनुरूप नहीं मिल पा रहा मौसम



**तेंदूखेड़ा।** फसलों को पिछले खरीफ मौसम से लेकर अभी तक रवि मौसम तक फसलों को उचित माहौल ना मिल पाने के कारण फसलें ग्रोथ नहीं कर पा रही है। पिछले दो-तीन दिन से मौसम में अचानक सर्द गर्म की स्थिति बनी हुई है। जिससे नवाकुंरित फसलों में विभिन्न प्रकार की कीट व्याधियां देखने को मिलने लगी है। किसानों का कहना है कि वैसे भी इस फसलों की बुबाई काफी बिलंब से शुरू हो पाई है चना मसूर बटरी जैसी फसलों की बुबाई बहुत कम हो पाई है। जहां पहले हो गई है वहां पर मौसम के कारण प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

### नहीं रहे चौ रविशंकर

**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस डोभी ग्राम के प्रतिष्ठित चौधरी परिवार के रविशंकर चौधरी का अचानक हृदयगति रुक जाने के कारण दुखद निधन हो गया। जिसमें क्षेत्र के सभी वर्गों के लोगों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अंतिम विदाई दी। रविशंकर जी चौ चंद्रभान मनोहर रामसींग दीपसिंह कमलेश एवं राकेश चौधरी के भाई थे।

### दिव्यांग छात्रों की खेल प्रतियोगितायें आयोजित



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस विश्व विकलांग दिवस के अवसर पर विकास खंड मुख्यालय चांवरपाठा में दिव्यांग छात्रों की खेल प्रतियोगितायें आयोजित की गई। जिसमें 6 से 14 आयु वर्ग के प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय के 9 जनशिक्षा केंद्रों के दिव्यांग छात्रों ने 25 मीटर दौड़ नींबू चम्मच कुर्सी दौड़ रांगोली मेंहदी चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया। तथा सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।इस मौके पर बी आर सी सुनील श्रीवास्तव ने बताया कि मौसम की प्रतिकूलता के हिसाब से प्रतियोगिता आयोजित की गई।निश्चित तौर पर हर बच्चे में कोई ना प्रतिभा विद्यमान हुआ करती है।केवल उन्हें उचित माध्यम की आवश्यकता है। उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में प्रभारी प्राचार्य शोभा तिवारी पी ए खान शिक्षकगण तथा बच्चों के अविभावक प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

### मंत्री श्री पाराशर का आगमन आज



**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री व एस.आई.आर. अभियान के प्रदेश सहसंयोजक लोकेंद्र पाराशर का आज नरसिंहपुर आगमन हो रहा है जहां पर वह भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय नरसिंहपुर में सुबह 10:30 से आयोजित एस.आई.आर. अभियान की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक मे सम्मिलित होंगे उक्त अवसर पर सर्व संबंधितों से उपस्थिति की अपील जिला संगठन द्वारा की गई है। उक्ताशय की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा द्वारा दी गई।



# कलेक्टर ने दिलाई एड्स जागरूकता व बचाव की शपथ



### विश्व एड्स दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने विश्व एड्स दिवस पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सभी अधिकारी-कर्मचारियों को एचआईव्ही एड्स के प्रति जागरूकता व बचाव की शपथ दिलाई। उन्होंने एचआईवी एड्स जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ भी किया। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह व सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश सहित सभी अधिकारियों को जिला एड्स नियंत्रण समिति द्वारा प्रतीक चिन्ह रेड रिबिन लगाए गए। विश्व एड्स दिवस पर सभी ने शपथ को दोहराते हुए कहा कि मैं आज यह शपथ लेता लेती हूँ कि एचआईव्ही एड्स के बारे में सही जानकारी प्राप्त करूंगा करूंगी और दूसरों को भी जागरूक करूंगा करूंगी। मैं कभी किसी भी प्रकार के नशे का सेवन नहीं करूंगा करूंगी, विशेषकर इंजेक्शन वाली ड्रग्स से दूर रहूंगा रहूंगी। यदि किसी चिकित्सा कारण से इंजेक्शन की आवश्यकता पड़ेगी है, तो हमेशा डिस्पोजेबल और नई सुई का ही उपयोग करूंगा करूंगी।

### केलक्टर ने दिलाई शपथ

मैं किसी भी संक्रमित व्यक्ति के साथ भेदभाव नहीं करूंगा करूंगी और उन्हें सम्मान व समर्थन दूंगा दूंगी। मैं सुरक्षित व्यवहार अपनाऊंगा अपनाऊंगी और अपने स्वास्थ्य की नियमित जाँच कराऊंगा कराऊंगी। मैं अपने परिवार, मित्रों और समुदाय को एचआईवी एड्स से बचाव के उपाय बताऊंगा बताऊंगी। मैं समाज में व्याप्त गलत धारणाओं और अफवाहों का विरोध करूंगा करूंगी। मैं एक स्वस्थ, जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनने का संकल्प लेता लेती हूँ। कार्यक्रम की अगली श्रृंखला में केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर में एचआईव्ही एड्स जागरूकता एवं नियंत्रण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष मिश्रा ने एचआईव्ही एड्स के कारण एवं उपचार के बारे में विस्तार से बताया। नोडल अधिकारी एड्स डॉ. विनय ठाकुर ने बताया कि एचआईव्ही एड्स एक गंभीर बीमारी है, जिसका जागरूकता सबसे बेहतर बचाव है। डॉ. देवेन्द्र रिपुदमन सिंह ने एड्स रोग से संबंधित भ्रांतियों को दूर करने के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया।

### विजेता प्रतिभागियों को दिए गए पुरस्कार

कार्यक्रम में जिला एड्स नियंत्रण समिति द्वारा आयोजित प्रश्न मंच प्रतियोगिता में 20 विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। विश्व एड्स दिवस की संध्या पर एड्स जागरूकता प्रतीक चिन्ह रेड रिबिन की आकृति बनाई गई और मोमबत्ती जलाकर एचआईवी एड्स के कारण मृत हुए नागरिकों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जेल अधीक्षक अजमेर सिंह, उप जेल अधीक्षक नरेन्द्र व्यास, सहायक जेल अधीक्षक आशीष खरे व देवेन्द्र मांझी, फार्मासिस्ट ओमकार झारिया, नर्सिंग अधिकारी डीएचओ वन डॉ. जीपी भनारिया, प्रभारी सीएस डॉ. जीएस चौरसिया नोडल पर्सन प्रशांत कुमार सोनी, इमाम मंसूरी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।







### व्याख्यानमाला व प्रतियोगिताएं आयोजित

विश्व एड्स दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर के प्राचार्य डॉ.आर बी सिंह के निर्देशन में एवं राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा एवं छात्र इकाई के संयुक्त तत्वाधान में व्याख्यानमाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ.अक्षत सिंह एवं राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ.रानी कुमारी एवं छात्र इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमित ताम्रकार एवं पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जी.एस. मर्सकोले उपस्थित रहे व्याख्यान माला के कार्यक्रम के पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के द्वारा रैली एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया गया। जिसमें वरिष्ठ स्वयंसेवकों में राशिका चौरसिया, मीडिया प्रभारी श्रुति गुप्ता, हर्षित चौरसिया एवं छात्रा इकाई दलनायिका मनीषा राजपूत, छात्र इकाई दलनायक दिनेश अग्रवाल, साक्षी रजक, नेहा लोधी, सपना पटेल, स्नेहा पटेल, प्रिया विश्वकर्मा, अंजलि विश्वकर्मा, मनोहर, गणेश, तनु, रोशनी, शिवानी, खुशबू, सुहानी, शिवानी ठाकुर, क्रांति, दीक्षा सेन आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे ।

## जनसुनवाई में आये 80 आवेदन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मंगलवार को कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में आवेदकों ने विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन पत्र प्रस्तुत किए। जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 80 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण नहीं हो सका, उन आवेदन पत्रों को निर्धारित समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्र सिंह नागेश सहित अन्य विभागीय अधिकारियों ने भी जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं सुनी और उनकी समस्याओं का निराकरण किया।

## अमित वर्मा बने प्रांतीय सचिव



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस जर्नलिस्ट्स यूनियन ऑफ म.प्र. जंप के द्वारा संगठन का विस्तार करते हुए जिले की करेली निवासी अमित वर्मा को प्रांतीय सचिव नियुक्ति किया गया। उक्त नियुक्ति डॉ नवीन आनंद जोशी, राष्ट्रीय महासचिव, डॉ कमल आलोक प्रसाद, राष्ट्रीय सह प्रवक्ता, महेंद्र शर्मा प्रांतीय महासचिव, राहुल सक्सेना, राजीव गौर की अनुशंसा पर संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष अरुण सक्सेना के आदेश पर प्रांतीय सचिव नियुक्त किया गया है। श्री वर्मा की नियुक्ति पर शुभचिंतकों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

## विश्व दिव्यांग दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए आयोजित



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर विकासखंड स्तरीय दिव्यांग सांस्कृतिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन जिले के सभी विकासखंड में किया गया। नरसिंहपुर विकासखंड स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन डाइट परिसर में किया गया। यह प्रतियोगिता प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के दिव्यांग बच्चों में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में 25 मीटर दौड़ में प्राथमिक के शिवांश लोधी एवं हरि बाई तथा माध्यमिक के प्रिंस सराठे एवं रिया, नींबू चम्मच दौड़ प्रतियोगिता में प्राथमिक के अमरजीत एवं गायत्री तथा माध्यमिक के राजवीर गोंड एवं जमना पटेल, रंगोली प्रतियोगिता में प्राथमिक की जानकी धानक एवं माध्यमिक की रिया, चित्रकला प्रतियोगिता में प्राथमिक की जानकी धानक एवं माध्यमिक की आराध्या विश्वकर्मा, बास्केट बाल प्रतियोगिता में प्राथमिक की हरिबाई एवं माध्यमिक के राजवीर, कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में प्राथमिक की जानकी धानक एवं माध्यमिक के शिवांश प्रजापति, मटकी फोड़ प्रतियोगिता में प्राथमिक के राहुल ठाकुर एवं माध्यमिक के आशीष ठाकुर और सांस्कृतिक कार्यक्रम में एकल नृत्य में प्राथमिक के श्रीकांत एवं माध्यमिक की आराध्या विश्वकर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में उपस्थित सभी दिव्यांग बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर डाइट प्राचार्य राजीव किशोर श्रीवास्तव, जिला परियोजना समन्वयक मनीष चौकसे, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक ओपी राय एवं एपीसी आईईडी श्रीमती अंजू शर्मा, बीएसी ब्रजेश नेमा एवं विनोद झारिया, जनशिक्षक भगवत साहू, मधुसूदन दुबे सहित अन्य शिक्षकगण और बच्चे उपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में विक्रय होगा जिले का उत्पाद



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र नरसिंहपुर ने बताया कि 44 वां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला वर्ष 2025 का आयोजन 14 नवंबर से 27 नवंबर 2025 तक प्रगति मैदान नई दिल्ली में किया गया था। उक्त मेले में जिले के विपतपुरा नरसिंहपुर के मेसर्स हेल्थ अनबाक्स प्रा.लि. संचालक चंद्रशेखर कुशवाहा ने अपने उत्पाद का स्टॉल लगाया। उल्लेखनीय है कि एमएसएमई भोपाल के निर्देशानुसार जिले के अभिनव नवीन तकनीक के अंतर्गत वैश्विक स्तर पर स्थापित इकाईयों में भाग लेने के निर्देश प्राप्त हुए थे। उक्त निर्देशों के परिपालन में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र नरसिंहपुर द्वारा मेसर्स हेल्थ अनबाक्स प्रा.लि. संचालक चंद्रशेखर कुशवाहा, जिनका उत्पादक (ग्रो बैग) का नाम प्रेषित किया गया था, जिनका चयन राज्य स्तरीय समिति द्वारा किया गया था।

## वृद्धजनों व दिव्यांगजनों को प्रदान किए सहायक उपकरण

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग नरसिंहपुर ने बताया कि भारत सरकार के उपक्रम एलिम्को एडिप एवं वयोश्री योजनांतर्गत जिले के विभिन्न नगरीय निकायों एवं जनपदों में वृद्धजनों व दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान करने के उद्देश्य से चिन्हांकन एवं परीक्षण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनपद पंचायत नरसिंहपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत मुंगवानी में 8 दिसम्बर को, नगर पालिका नरसिंहपुर के अंतर्गत पीजी कॉलेज नरसिंहपुर में 9 दिसम्बर को, नगर पालिका करेली के अंतर्गत मंगल भवन करेली में 10 दिसम्बर को, जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत ग्राम पंचायत सूखाखैरी में 11 दिसम्बर को व ग्राम पंचायत शाहपुर में 12 दिसम्बर को और जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत जनपद पंचायत सांईखेड़ा में 13 दिसम्बर को चिन्हांकन एवं परीक्षण शिविर लगाए जाएंगे। एडिप योजना के दिव्यांग लाभार्थी अपने साथ यूआईडी कार्ड, आय प्रमाण पत्र अथवा बीपीएल राशन कार्ड व आधार कार्ड संबंधी दस्तावेजों की छायाप्रति परीक्षण शिविर में अनिवार्य रूप से लेकर आएं। भारत सरकार की राष्ट्रीय वयोश्री योजनांतर्गत 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठजन अपने साथ बीपीएल राशन कार्ड या मनरेगा कार्ड की छायाप्रति मूल्यांकन परीक्षण शिविर में अनिवार्य रूप से साथ में लाएं।

## प्रदूषण नियंत्रण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस के अवसर पर पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के अंतर्गत रेलवे हॉस्पिटल तथा रेलवे स्टेशन नरसिंहपुर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रेलवे चिकित्सक डॉ. आर. आर. कुर्रे ने उपस्थित कुलियों, वेंडरों, यात्रियों तथा रेलवे कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कीं।डॉ. कुर्रे ने बताया कि यह दिवस सन 1984 की भोपाल गैस त्रासदी की स्मृति में मनाया जाता है, ताकि समाज में प्रदूषण के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण सीओपीडी, अस्थमा सहित अनेक गंभीर बीमारियों का प्रमुख कारण बनता जा रहा है। इसलिए आवश्यक है कि प्रत्येक नागरिक अपने स्तर पर प्रदूषण नियंत्रण में योगदान दे। रेलवे स्टेशन परिसर में डॉ. कुर्रे ने स्वयं पौधारोपण किया तथा उपस्थित सभी लोगों को अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की फैक्ट्री,चाहे सीमेंट की हो या रासायनिक पदार्थों से संबंधित रिहायशी इलाकों से दूर स्थापित की जानी चाहिए, ताकि आम नागरिक प्रदूषण के दुष्प्रभावों से सुरक्षित रह सकें।उन्होंने सलाह दी कि अत्यधिक शोर-ध्वनि या धूलयुक्त क्षेत्रों में मास्क लगाकर चलना चाहिए और जीवनशैली में ऐसी आदतें अपनानी चाहिए, जिनसे प्रदूषण को कम किया जा सके। डॉ. कुर्रे ने कहा कि पेड़-पौधे लगाने से न केवल वायु शुद्ध होती है, बल्कि स्वस्थ और स्वच्छ वातावरण भी प्राप्त होता है। कार्यक्रम के दौरान हरित सोच, हरित बने, प्रदूषण रोके। पृथ्वी को बचाओ, अपने आप को बचाओ। का संदेश दिया गया।